मुंडेश्वरी कॉलेज फॉर टीचर्स एजुकेशन
सरारी - उसरी रोड, खगौल, पटना, 801105 (बिहार)

Event: *Tarang: The Annual Sports Day*

Date: 18th February 2026

मुण्डेश्वरी कॉलेज फॉर टीचर एजुकेशन में 17–18 फरवरी 2026 को “Tarang: The Annual Sports Day” का सफल आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस खेल महोत्सव का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या Dr. Sunita Singh द्वारा दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें कबड्डी, बैडमिंटन, दौड़, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, शॉटपुट, कैरम तथा शतरंज आदि प्रमुख थे। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ सभी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। मैदान में खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण देखने को मिला।

दोनों दिनों तक चले इस आयोजन में प्रतिभागियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंतिम दिन विजेता प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

यह खेल महोत्सव विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ आपसी सहयोग और सौहार्द की भावना को सुदृढ़ करने में सफल रहा।

प्रतिवेदन प्रस्तुतकर्ता: विवेक कुमार (बी.एड. प्रथम वर्ष)

संस्था का नाम: मुंडेश्वरी कॉलेज फॉर टीचर्स एजुकेशन